तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 4 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड




14 विस्थापन और बुनियादी सहूलियतों को लेकर ...





14 फौती प्रक्रिया पूरी होते ही लोकनाथ को पुश्तैनी भूमि ...

## खबर संक्षेप




मोहगांव पटवारी निलंबित

### 24 घंटे में स्पष्टीकरण का नहीं दिया जवाब

**महासमुंद।** सोशल मिडिया में वायरल वीडियो में राजस्व संबंधी कार्यों के संबंध में विजय प्रभाकर पटवारी हल्का नंबर 50 ग्राम मोहगांव को अनुविभागीय अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, 24 घंटे के पश्चात भी पटवारी प्रभाकर द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, फलस्वरुप आज उन्हें निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह द्वारा जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि वायरल वीडियो में आम जन से राशि की मांग करते हुए धनराशि प्राप्त की जा रही है, जिससे शासन-प्रशासन की छबि धूमिल हो रही है। उक्त वायरल विडियो के संबंध में संबंधित हल्का पटवारी को कार्यालय द्वारा 01 मई 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। संबंधित पटवारी द्वारा 24 घंटे व्यतीत हो जाने के उपरांत भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः उनका उक्त कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (2) के विपरित होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के विपरीत है।अतः विजय प्रभाकर पटवारी हल्का नंबर 50 ग्राम मोहगांव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय पिथौरा होगा। विजय प्रभाकर पटवारी को निलंबन अवधि में मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा ।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## आगामी दिनों तक आंधी, बारिश, बिजली चमकने के आसार



आंधी, बारिश से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। आगामी दिनों तक मौसम खराब रहेगा। आसमानी सिस्टम में पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण तथा द्रोणिका का प्रभाव बना हुआ है। शनिवार को आंधी-तूफान के साथ बारिश, मेघ गर्जन, ओलावृष्टि की संभावना पहले ही व्यक्त किया गया था।

### अधिकतम तापमान 6 डिग्री गिरा

मौसम खराब होने से पहले में भीषण गर्मी पड़ रही थी। पारा 43 सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम बदलने के बाद अधिकतम तापमान 37 डिग्री पर आ गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 29 से 24 डिग्री पर आ गया है।

### सात एमएम हुई बारिश

पिछले दिनों विभिन्न गांवों से फसल की क्षतिपूर्ति के लिए किसान पहुंचे थे। किसानों ने मुआवजा की मांग भी की। मौसम में परिवर्तन से किसान चिंतित है। तरबूज और खरबूज, खीरा, ककड़ी की फसलों पर भी बारिश से असर पड़ सकता है।

**मौसम :** चक्रवात और द्रोणिका के चलते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा

# मुख्यालय सहित जिलेभर में तेज आंधी-तूफान और बारिश का कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रविवार तक ऑरेंड अलर्ट और बुधवार तक

- रविवार तक ऑरेंड अलर्ट और बुधवार तक यलो अलर्ट के चलते शनिवार को 50 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली

यलो अलर्ट के चलते शनिवार को शाम 4 बजे से मौसम का मिजाज बिगड़ा और मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न इलाकों में तेज हवा के साथ जमकर बारिश भी हुई। बता दें कि चक्रवात और द्रोणिका के असर से चलते पिछले कुछ दिनों से मौसम मिजाज बिगड़ा हुआ है। देर शाम यहां भी 50 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार हवा चली।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिणी पंजाब से राजस्थान-हरियाणा के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ और पंजाब से केरल तक द्रोणिका बनी हुई है। इसके अलावा उत्तरप्रदेश से बांग्लादेश तक द्रोणिका बनी हुई है। जिसके असर से बार-बार मौसम में बदलाव हो रहा है। तीन सिस्टम बना है। मई के शुरुआत में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली रही है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इधर, बारिश से धान की फसल लेने वाले किसानों को राहत मिली है, लेकिन सब्जी व आम की फसलों पर असर पड़ा है। इसके अलावा तेज बारिश के चलते तेंदूपत्ता की खरीदी भी शुरु नही हो पाई है।



बता दें कि कई गांवों में शुक्रवार की सुबह बिजली आपूर्ति बहाल हुई। बारिश के बाद बीटीआई रोड पर पेड़ गिर गया था। जिससे हटाया गया। बुधवार की रात को भी नकुल ढीढी उद्यान के भीतर पेड़ गिर गया था। शहर में लगभग तीन इंसुलेटर और जंपर भी बदले गए। विद्युत विभाग के कर्मचारी लगातार फॉल्ट खोजने और विद्युत लाइन में सुधार कार्य करते रहे। बिजली ऑफिस के दफ्तर में भी लोगों के फोन बजते रहे, लोग मोर बिजली ऐप के माध्यम से भी शिकायत करते रहे। कहीं-कहीं लो-वोल्टेज की भी समस्या रही।

जेई संजय भगत ने बताया कि महासमुंद शहर में शनिवार की शाम तक व्यवस्था बहाल हो गई। जहां-जहां विद्युत लाइनों में समस्या थी, उसे सुधारा गया है। सीएसपीडीसीएल के पीआर वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की बारिश के बाद आठ जगहों पर पोल गिर गए थे। रात भर कर्मचारी विद्युत लाइनों में सुधार के लिए लगे रहे। वहीं व्यक्तिगत शिकायतों का भी समाधान किया जा रहा है। शनिवार को हुए नुकसान की रिपोर्ट अभी नही आई है।

## आंधी ने उखाड़े टीन शेड फसलों को भी नुकसान



**सरायपाली।** बदले मौसम ने शनिवार शाम नगर सहित गांवों में खूब तबाही मचाई। तेज रफ्तार से चली आंधी ने पेड़ों को धराशायी कर दिया। मकानों में लगे टिन शेड हवा में उड़ गए। हालत यह रही कि कई क्षेत्र में रातभर ब्लैक आउट रहा। अनेक जगह पर डीओ गिरने, ट्रांसफार्मर में खराबी की शिकायत मिली। बेमौसम बारिश, आंधी एवं ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। धान की फसल पककर तैयार है। करीब 20 प्रतिशत बालियां झड़ गई हैं। उड़द मूंग की फसल के अलावा भिंडी, बरबट्टी, लौकी, कुम्हड़ा, भाटा, टमाटर को बारिश से काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने कहा कि आंधी और बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है। उसका सर्वे कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।



## आंधी-तूफान और बारिश ने मचाई तबाही, किसानों की फसल हो गई बर्बाद, पेड़ और बिजली पोल भी गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

नगर सहित आसपास के इलाकों में आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से किसानों की खड़ी धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। कई खेतों में फसल पूरी तरह बर्बाद होने की खबर है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है।

पिथौरा नगर के बार चौक में एक बड़ा पेड़ और बिजली का पोल गिर जाने से पूरे इलाके में रातभर अंधेरा रहेगा। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर भी पेड़ गिरा है, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते काले बादलों के साथ तेज हवा चलने लगी, जिसके बाद जोरदार बारिश शुरू हो गई। मौसम की इस अप्रत्याशित मार से लोग पूरी तरह असहज हो गए। बाजार में दुकानदारों ने जल्दबाजी में अपनी दुकानें बंद कर लीं और राहगीर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।





## स्कूल में बकरा पार्टी मामले की जांच में लीपापोती जांच दल ने नहीं देखी सीसीटीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया जैसे धार्मिक पर्व के दिन शिक्षिका कमलजीत जोसेफ और लिपिक तानसिंह वर्मा की विदाई के नाम पर विद्यालय परिसर में खुलेआम बकरा और शराब पार्टी के आयोजन मामले में हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित खबर पश्चात जिला प्रशासन हरकत में आया और तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन की। लेकिन, जांच टीम ने सीसीटीवी फूटेज देखे ही नही। जांच समिति में सहायक संचालक सतीश नैयर, प्रभारी विकासखंड



परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया पर स्कूल में दारू और बकरा पार्टी

शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना और प्राचार्य पुहुप शामिल थे। लेकिन, जांच की प्रक्रिया खुद सवालों के घेरे में है। केवल चुनिंदा शिक्षकों और रसोइयों से पूर्वनिर्धारित बयान लिए गए। और सिर्फ शिक्षकों, रसोइयों के बयान के आधार पर प्रतिवेदन तैयार किया गया।

प्रभारी बीईओ लक्ष्मी डड़सेना ने बताया कि शिक्षकों ने बयान दिया कि अपने-अपने घरों से टिफिन में बकरा की सब्जी लाए थे। और उसे स्कूल में खाया गया। एबीवीपी के विद्यार्थियों ने प्राचार्य को निष्कासित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है, जिसे उच्च अधिकारियों को भेजूंगी।

जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने कहा है कि मामले की जांच कराई गई है, टिफिन लेकर बकरे की सब्जी शिक्षकों द्वारा स्कूल में खाए जाने का बयान सामने आया है। इसलिए उच्च अधिकारियों को प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज की जाँच नहीं की गई है।

### इन सवालों के जवाब अब तक सामने नहीं आए

सवाल यह है कि क्या एक साथ इतने शिक्षकों के घर में उसी दिन बकरे की सब्जी बनी? और क्या इस तरह का भोजन स्कूल के विदाई समारोह में होता है? सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, तो उन्हें जांच में शामिल क्यों नहीं किया गया? क्या इससे सच्चाई उजागर हो जाती जिससे जिम्मेदारों को बचाना मुश्किल होता?

### विद्यार्थी परिषद ने दी चरणबध्द आंदोलन की चेतावनी

जांच के नाम पर खानापूर्ति का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयोजक ललित साहू के नेतृत्व में कई विद्यार्थियों ने नारे बाजी कर प्राचार्य आशाराम बरिहा को निष्कासित करने की मांग के लिए ज्ञापन बीईओ को सौंपा और मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। छात्र संघ ने इस मामले कि जाँच एसआईटी से कराने की मांग की है।

## नीट परीक्षा आज, जिले में 4 केंद्र बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के निर्देशानुसार 4 मई 2025 को आयोजित होने वाली एईईटी-2025 परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिले के 4 परीक्षा केंद्रों के लिए नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट इस प्रकार है। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज मचेवा के लिए महासमुंद कृष्ण कुमार साहू, तहसीलदार महासमुंद ड्यूटी मजिस्ट्रेट होंगे। इसी तरह शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरोंडाबाजार, महासमुंद के लिए मोहित कुमार अमिला, नायब तहसीलदार महासमुंद, पीएम केन्द्रीय विद्यालय महासमुंद के लिए टेकेन्द्र नुरूटी नायब तहसीलदार तुमगांव एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल नेहरू चौक महासमुंद के लिए तृप्ति चन्द्राकर नायब तहसीलदार पटेवा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी परीक्षा के दिन प्रातः 9:00 बजे से अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहकर सभी आवश्यक निगरानी और सुरक्षा उपायों को देखेंगे।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :- 1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय______________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम______________________________
पिता/पति______________________________ जन्म तिथि______________
वर्ग अनुज जाति______________अनु जाति______________ अन्य पि. वर्ग______________
सामान्य______________पत्र व्यवहार का पता______________________________
______________________________ पिन कोड______________
मो. नं.______________________________बाट्सअप नं______________________________
पालक का मो. न______________________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग______________
में प्राप्त अंक______________ कुल प्रतिशत______________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.______________
हस्ताक्षकर______________________________ पालक का हस्ताक्षर______________________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


## सुशासन तिहार से मिलेगा जनता को समयबद्ध समाधान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रेस वार्ता लेकर सुशासन तिहार-2025 के तीसरे चरण की शुरुआत की जानकारी दी। प्रेस वार्ता कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

मीडिया को संबोधित करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत 8 व जनपद पंचायत अंतर्गत 41 शिविर



आयोजित होगा। इनमें नगरीय निकाय महासमुंद में 3 शिविर एवं बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली और तुमगांव में एक-एक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत पिथौरा में 10, महासमुंद, बागबाहरा व सरायपाली में 8-8 तथा बसना में 7 समाधान शिविर का आयोजन होगा। इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा। जिसको पूरी तैयारी कर लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल एक लाख 82 हजार 99 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग आधारित एक लाख 78 हजार 857 एवं शिकायत से संबंधित 3242 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के एक लाख 74 हजार 206 आवेदन एवं शिकायत के 2 हजार 519 आवेदन कुल एक लाख 76 हजार 725 आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर लंगेह ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी। आयोजित की जाएगी, जिसमें योजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन फिर प्राक्कलन समिति के सदस्य



**रायपुर।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को एक बार फिर लोकसभा की महत्वपूर्ण प्राक्कलन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए की गई। नई समिति में कई सदस्यों को फिर से सदस्य बनाया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा, मैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने मुझ पर एक बार फिर विश्वास जताया। यह समिति संसदीय कार्य प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा।

### कैदियों ने काट ली 20 साल की सजा पर रिहाई नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जेलों में 200 से अधिक बंदियों के 14 साल की सूखी सजा के साथ 6 साल की अर्जित माफी पूरी करने के बाद भी रिहाई नहीं हुई है। इस मामले की शिकायत राज्यपाल से करते हुए बंदियों की रिहाई की मांग की गई है। इस संबंध में गुमनाम पत्र समस्त परिजनों की ओर से हरिभूमि के भेजा गया है। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, बस्तर के सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मानवाधिकार आयोग दिल्ली, रायपुर सहित अन्य लोगों के साथ कुछ मीडिया संस्थान को भी भेजी गई है।

### एनसीईआरटी की बैठक में शामिल हुए मंत्री कश्यप

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की 59वीं जनरल काउंसिल की बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा को बेहतर बनाने से संबंधित कई अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित थे।

### निगम के नेता प्रतिपक्ष का विवाद सुलझाने कांग्रेस ने कमेटी बनाई

**रायपुर ।** रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष को लेकर हो रहे विवाद के निराकरण के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक कमेटी का गठन किया है। इसका अध्यक्ष पूर्व विधायक लेखराम साहू को बनाया गया है। इसी के साथ दो सदस्य प्रेमचंद जायसी और सुनील माहेश्वरी बनाए गए हैं। कमेटी के सदस्य रायपुर शहर जिला अध्यक्ष, पार्षदों के साथ ही स्थानीय नेताओं से चर्चा करेंगे और पूरी रिपोर्ट बनाकर कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। रायपुर के नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष पहले शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने संदीप साहू को बनाया था। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले आकाश तिवारी को वापस पार्टी में लेकर उनको नेता प्रतिपक्ष बना दिया। आकाश तिवारी के नाम का पत्र नगर निगम को भेजने के बाद संदीप साहू सहित पांच कांग्रेसी पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है।

# गर्मी की छुट्टियों में छात्र बनाएंगे रोटी, थाली और चूहे की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस बार गर्मी की छुट्टियों में दूसरी कक्षा के छात्र पेड़, पत्ती, फूल, फल, थाली, रोटी और चूहे की तस्वीर बनाएंगे। इसके अलावा वे रंगों के आधार पर बटन, कागज चम्मच, कपड़े और खिलौने जैसी वस्तुएं एकत्र करेंगे। अपनी कक्षा के लड़के और लड़कियों की संख्या पता करना, रिश्तेदारों के नाम लिखना, शरीर के अंगों के नाम और काम, दीपावली त्योहार में बनने वाली पांच मिठाइयों के नाम पता करना सहित असाइनमेंट शामिल है। दरअसल, लोक शिक्षण संचालनलाय द्वारा सभी जिला शिक्षा कार्यालयों को खत लिखा गया है। इसमें उन्हें बताया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्रों को किस तरह के प्रोजेक्ट दिए जा सकते हैं। छात्रों के लिए उनकी कक्षानुसार विविध कार्यों की सूची तैयार की गई है। ये केवल शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए है। स्कूल यदि चाहें तो दिए गए सुझावों के अलावा अन्य कार्य भी विद्यार्थियों को सौंप सकते हैं। छात्रों को गतिविधियां पूर्ण कर अपने संबंधियों को दिखाने तथा उनकी प्रतिक्रिया लेने भी कहा गया है। बीते वर्ष भी इस तरह का प्रयोग किया गया था। सत्र प्रारंभ होने के बाद छात्रों द्वारा पेश किए गए कई निबंध अत्यंत रोचक थे।

### बनाएंगे मिट्टी के खिलौने

विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल में विकास हो सके इसके लिए उन्हें मिट्टी के खिलौने बनाकर लाने कहा गया है। इसके लिए उन्हें कोई टॉपिक नहीं दिया गया है। विद्यार्थी अपने पसंदानुसार कोई भी खिलौना बना सकते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद छात्र कक्षा में इसे प्रदर्शित करेंगे। पौधों की पत्तियों को संग्रहित करके उनके नाम लिखने, खेती के काम आने वाले आभूषणों के चार्ट बनाने जैसे कार्य भी दिए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी अपने आसपास की चीजों और पर्यावरण को लेकर जागरूक हो सके।

अलग खबर

### एकत्र करेंगे कागज, चम्मच व बटन



### हायर सेकेंडरी छात्र करेंगे जनगणना

ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों को अपने गांव की जनगणना करने कहा गया है। गांव में रहने वाले परिवारों की गिनती करने के साथ ही उनका वर्गीकरण भी करना होगा। इसके लिए शासकीय नौकरी करने वाले व्यक्ति, निजी व्यवसाय करने वाले तथा मजदूरी करने वाले परिवार जैसे कई वर्ग तय किए गए हैं। औषधी महत्व की जड़ी-बूटियों की जानकारी एकत्र करने, वैज्ञानिक उपकरण स्थानीय सामग्री से तैयार करने जैसे कार्य भी उन्हें सौंपे गए हैं।

### आपसी विवाद पर सिर पर लकड़ी से वार कर हत्या की कोशिश



**रायपुर।** बदमाशों के खिलाफ सख्ती के बाद भी बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने आपसी विवाद के कारण एक व्यक्ति के सिर पर लकड़ी के मोटे गते से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलवार डीडीनगर थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश है। घटना के बाद बदमाश फरार है। बदमाश पेशे से ऑटो चालक बताया जा रहा है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पासपोर्ट कार्यालय के पास समैया राव का मकान है। वह बुधवार को अपने घर के बाहर होटल में नाश्ता कर रहा था। इस दौरान इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी कोई पिंटू नामक बदमाश ने समैया को नाश्ता करते देख ई-रिक्शा रोका और उससे विवाद करते हुए उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। समैया ने गाली-गलौज का विरोध किया। इस पर पिंटू ने अपने ई-रिक्शा में रखा लकड़ी का बत्ता बाहर निकाला और समैया के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया। अचानक हुए हमले से समैया के साथ वहां उपस्थित लोग कुछ समझ नहीं पाए। मौके पर उपस्थित लोगों ने समैया के परिजनों को घटना की जानकारी देने के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी। समैया की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### संविदा वाले एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन 2.5 लाख, नियमित प्राध्यापक को उतना नहीं

# ठगे से रह गए नियमित सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर संविदा वालों को मिलेगा डेढ़ गुना ज्यादा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग कैडर की राह ताक रहे प्रदेश के सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर ठगे से रह गए हैं। गुरुवार को शासन द्वारा संविदा वालों का वेतन उनसे डेढ़ गुना अधिक कर दिया गया है। नये आदेश के बाद संविदा आधार पर आने वाले एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन 2.50 लाख से 2.80 का होगा, जबकि इतना वेतन अभी नियमित प्राध्यापक को भी नहीं दिया जा रहा है।

राज्य में नियमित तौर पर सरकारी अस्पतालों को सेवा देने वाले सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों की संख्या दर्जनभर भी नहीं है, मगर मेडिकल कालेजों में जैसे कार्डियोलॉजी, कैंसर सर्जरी, हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी, न्यूरो सर्जरी विभाग, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी विभाग एवं नेफ्रोलॉजी विभाग स्थापित करने का श्रेय इन्हें ही है। पढ़ाई और दक्षता ज्यादा होने की वजह से इनके द्वारा अलग कैडर और एमडी-एमएस से अलग वेतन देने की मांग काफी समय से की जा रही है। इनकी मांग तो पूरी नहीं हुई, गुरुवार को संविदा सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के वेतन में बढ़ोतरी से ज्यादातर आहत हुए हैं। डाक्टरों का तर्क है कि उनकी नियमित नियुक्ति पीएससी के माध्यम से होती है और प्रमोशन का लाभ मिलने में सालों लग जाता है, जबकि संविदा डाक्टर सीधे विभिन्न पदों पर नियुक्त होते हैं और नियम के अनुसार दो साल में उन्हें पदोन्नत भी कर दिया जाता है। वर्तमान में संविदा सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के वेतन में वृद्धि की गई है, जिससे एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन नियमित प्रोफेसर से भी ज्यादा हो गया है। चिकित्सकों का तर्क है कि उनके वेतन में वृद्धि से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, मगर नियमित सुपरस्पेशलिस्ट डाक्टरों को उनके पद और गरिमा के अनुरूप कैडर और वेतन दिए जाने की आवश्यकता है।



### दब जाती है फाइल

सूत्रों के मुताबिक सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का अलग कैडर बनाकर योग्यता के आधार पर वेतन देने की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अलावा कई अधिकारियों से डिमांड की जाती रही है। फाइलें वित्त विभाग और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के बीच फंसकर रह जाती है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन का तर्क है कि विशेष योग्यता वाले डाक्टरों की कमी को दूर करने अलग कैडर बनाने की मांग को सबसे पहले पूरा करना चाहिए।

### दो मेडिकल कालेज के लिए कवायद

सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा बिलासपुर और जगदलपुर मेडिकल कालेज में सुपरस्पेशलिटी विभाग का संचालन किए जाने की घोषणा की गई है मगर वहां मंशा के अनुरुप पर्याप्त संख्या में चिकित्सक नहीं मिल पा रहे हैं। बिलासपुर मेडिकल कालेज में कार्डियक सहित अन्य विभाग में बिना सुविधा के ओपीडी का संचालन किया जा रहा है वहीं जगदलपुर में इसकी योजना अभी कार्यरुप में नहीं आ पाई है। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में कुछ और डीके अस्पताल के सारे विभाग सुपर स्पेशलिटी हैं।

### निजी में दस सरकारी में डेढ़ लाख

प्रदेश में काफी संख्या में निजी अस्पताल संचालित है जहां मरीजों को सुपर स्पेशलिटी उपचार की सुविधा दी जाती है। इस स्तर के डाक्टरों का वेतन वहां आठ से दस लाख है वहीं सरकारी में डेढ़ लाख से 1.80 लाख रुपए वेतन है। संविदा आधार पर काम करने वालों को सीधी नियुक्ति तो मिलती है मगर बेहतर विकल्प मिलने पर नौकरी छोड़ने की समस्या सदा बरकरार रहती है। डीके अस्पताल के कई विभाग इस तरह की समस्या से जूझते रहहते है क्योंकि वहां का 90 फीसदी डाक्टर संविदा आधार पर कार्यरत हैं।

### जीएसटी से मिले 4135 करोड़ कर संग्रहण में छत्तीसगढ़ देश के टॉप 15 राज्यों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4135 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और खनिज संसाधनों से भरपूर झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

#### साय सरकार के फैसलों का असर

राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिससे राज्य में निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है ।सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर.जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति, सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता, पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।

#### समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य : सीएम

इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। राज्य की आर्थिक स्थिति में यह वृद्धि जनता और उद्योग जगत के सहयोग से संभव हुई है। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है और यह दिखाता है कि राज्य संसाधन आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर अब एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

## एनआरआई कोटा से मेडिकल एडमिशन अब तक नहीं हुआ नियम में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पात्रों को अप्रवासी भारतीय कोटे से निजी मेडिकल कालेज में प्रवेश देने नियम में संशोधन की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हुई है। पिछली बार न्यायालय द्वारा आवश्यक संशोधन कर राजपत्र में प्रकाशन के बाद एडमिशन दिए जाने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस मसले पर जब फैसला दिया गया था, तब राज्य में काउंसिलिंग शुरू हो चुकी थी। न्यायालय के आदेश के बाद भी नियम में संशोधन की प्रक्रिया शुरू नहीं किए जाने पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सवाल खड़ा किया है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फैसला दिया था कि दूर के रिश्तेदारों के एनआरआई सर्टिफिकेट के आधार पर एडमिशन नहीं देने कहा था। राज्य में इस नियम पर अमल करने की कोशिश की गई, मगर काउंसिलिंग शुरू होने के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका था। इस दौरान कोर्ट द्वारा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को निर्देशित किया गया था कि रक्त वंशावली के स्पष्टीकरण के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से संशोधित राजपत्र नोटिफिकेशन जारी करने के बाद इसे लागू कर सकती है। सूत्रों के अनुसार इस पर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिस पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सवाल खड़ा किया गया है।

### सीट बेचने का षड्यंत्र

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सक्रिय है। निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता जो उच्च न्यायालय बिलासपुर और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय किया गया, उसका पालन नहीं किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे में भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 13 अक्टूबर 2024 के पत्र के द्वारा उक्त संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से भी अभिमत भेजा गया था, लेकिन फर्जीवाड़ा बंद नहीं हुआ, इस वर्ष फिर वही खेल चालू है। सरकार की मंशा पात्र अभ्यर्थियों को लाभ देने के बजाय गलत तरीके से मेडिकल की सीट बेचने की है।

## बैज बोले- 3100 का धान 2000 में बिकेगा, यही है डबल इंजन सरकार की हकीकत

हरिभूमि न्यूज रायपुर



■ मुख्यमंत्री या खाद्यमंत्री ने केन्द्र से चावल का कोटा बढ़ाने का अनुरोध ही नहीं किया

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 3100 रुपए क्विंटल में खरीदा गया धान 2000 रुपए क्विंटल में नीलाम करना पड़ेगा। डबल इंजन की सरकार की हकीकत सामने आ रही है। केंद्र सरकार राज्य का पूरा चावल नहीं खरीद रही है। राज्य सरकार को किसानों से खरीदे धान को खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है।

श्री बैज ने कहा, इस वर्ष राज्य सरकार ने 154 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे 154 लाख मीट्रिक टन से बनाए गए चावल को सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है। अब धान का खुले बाजार में 2000 से 2100 रुपए प्रति क्विंटल का रेट आ रहा, जिससे राज्य के खजाने का 6000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होगा। यह है भाजपा के डबल इंजन की सरकार का नुकसान। श्री बैज ने कहा, भाजपा डबल इंजन की सरकार का दंभ भरती है यदि राज्य सरकार के द्वारा कुल उपार्जित धान के द्वारा बने चावल को केंद्र सरकार सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है। भाजपा की सरकार होने के बावजूद मुख्यमंत्री और राज्य के मंत्री, भाजपा के सांसद कोई भी छत्तीसगढ़ के चावल के कोटे को बढ़ाने का एक बार भी आग्रह मोदी सरकार से करने का साहस नहीं दिखा पा रहे हैं।

## आयुक्त ने कहा- ज्यादा समस्या वाले वार्ड में ही यह व्यवस्था | मेयर ने कहा-अंतिम विकल्प होना चाहिए बिजली बंद का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में गर्मी के सीजन में पानी की समस्या से निपटने के लिए निगम प्रशासन ने सुबह और शाम को नल कनेक्शन से पानी की आपूर्ति के दौरान आधे घंटे के लिए बिजली बंद करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद शहर के कई वार्डों में दोनों टाइम बिजली बंद भी की जा रही हैं, ताकि कोई भी निगम के नल कनेक्शन से टुल्लू पंप के माध्यम से पानी खींच नहीं सके। निगम के इस आदेश पर महापौर मनील चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़ से लेकर कई पार्षदों ने आपत्ति भी जताई है। महापौर का कहना है कि पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए भरपूर पानी की व्यवस्था करना, टुल्लू पंप जब्ती बनाना जैसे कई विकल्प हैं। इन विकल्पों का उपयोग ही नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली बंद अंतिम विकल्प होना चाहिए। इधर निगम कमिश्नर विश्वदीप ने कहा कि बिजली बंद का आदेश पूरे शहर के लिए नहीं है, बल्कि उन वार्डों के लिए है जहां पानी की समस्या ज्यादा गंभीर है। उनका कहना है कि अगर आधे घंटे की बिजली बंद होने से वार्ड के सभी घरों को पर्याप्त पानी मिलता है, तो यह अच्छी बात है। जल जीवन मिशन, अमृत मिशन जैसी योजनाओं के तहत जहां घर-घर में 24 घंटे पानी पहुंचाने की दिशा में भारत सरकार कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर गर्मी के दिनों में ही शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है।



### कांग्रेस शासन काल में जो काम हुए उसे दोहराया जा रहा

महापौर मनील चौबे ने कहा कि गर्मी के दिनों में हर साल शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या होती है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां यह समस्या गंभीर रहती है। पिछले पांच साल में कांग्रेस शासन काल में भी निगम प्रशासन ने गर्मी के दिनों में पानी की समस्या दूर करने के लिए बिजली बंद करने की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था अंतिम विकल्प होना चाहिए। सबसे पहली व्यवस्था तो समस्त वार्डों में पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति करने की होनी चाहिए। इस दिशा में ही निगम प्रशासन को कदम उठाना चाहिए, लेकिन हम कांग्रेस शासन में की गई गलती को फिर दोहरा रहे हैं जो गलत है।

### स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट पर भ्रष्टाचार के कारण बनी हुई पानी की समस्या

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में नगर निगम में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, अमृत मिशन योजना के तहत जो कार्य होने थे, अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बंद करने की व्यवस्था की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए। पर्याप्त फंड आने के बाद भी प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हुए हैं, जिसके कारण पानी की समस्या अभी भी शहर में बनी हुई है।

## सीजीपीएससी के आरोपी के जमानत आवेदन पर आज सुनवाई | डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने अगले सप्ताह सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा सहित अन्य ने ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने आवेदन लगाया है, जिस पर नौ मई को सुनवाई होगी। एक अन्य मामले में सीजीपीएससी घोटाला मामले में जेल में बंद नितेश सोनवानी के जमानत आवेदन पर शनिवार को सीबीआई की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी।

शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर तथा अन्य ने वेलकम डिस्टलरी, भाटिया वाइन मर्चेंट, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, मैसर्स नेक्स्ट जेनरेशन, दिशिता वेंचर्स, ओम साईं ब्रेवरेज, सिद्धार्थ सिंघानिया और मैसर्स टाप सिक्योरिटी डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने आवेदन लगाया है। ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट के जज के अवकाश पर होने की वजह से सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई गई है।



### सफलता को आधार बनाकर आवेदन

सीजीपीएसपी परीक्षा घोटाले के आरोप में जेल में बंद नितेश सोनवानी ने कोर्ट में अपने वकील के माध्यम से जमानत आवेदन लगाया है। जमानत आवेदन लगाते हुए नितेश ने तर्क देते हुए बताया है कि वह कई बार पीएससी परीक्षा में शामिल हो चुका है और इसमें उसे सफलता मिली है। सीजीपीएससी परीक्षा घोटाला मामले में अपनी किसी भी प्रकार की संलिप्तता होने की बात से इनकार करते हुए उसे झूठे प्रकरण में फंसाए जाने का आरोप लगाया है। नितेश सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामनसिंह सोनवानी का भतीजा है।

## महिला की महाधमनी हो गई थी कमजोर टीईवीएआर पद्धति से हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ ओपन हार्ट सर्जरी की नहीं पड़ी जरूरत, कम समय में पूरा हुआ उपचार

सीने में दर्द की असहजता के साथ इलाज के लिए एम्स पहुंची महिला के हृदय की महाधमनी कमजोर हो गई थी। सही समय पर इलाज नहीं होने पर जान जाने का जोखिम हो सकता था। चिकित्सकों की टीम ने इलाज के लिए ओपन हार्ट सर्जरी करने के बजाए टीईवीएआर की प्रक्रिया पूरी कर महाधमनी की मरम्मत कर उसका इलाज पूरा किया। उपचार और चिकित्सकों की निगरानी में कुछ दिनों तक रहने के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ हो गई।

जानकारी के अनुसार 24 साल की महिला जब इलाज के लिए पहुंची, तो इसकी स्थिति काफी गंभीर थी। डाक्टरों की टीम ने जब उसकी जांच की, तो पता चला कि हृदय से आक्सीजनयुक्त रक्त को अन्य नसों तक पहुंचाने वाली महाधमनी की परत कमजोर हो चुकी है। उसका सही समय पर इलाज नहीं किया गया, तो मरीज के लिए जोखिम हो सकता है।



चिकित्सकों के अनुसार सामान्यतः ऐसे मामलों में ओपन हार्ट सर्जरी की जरूरत होती है, मगर चिकित्सकीय टीम ने इस सर्जरी में लगने वाले काफी वक्त को ध्यान में रखते हुए थोरेसिक एंडोवस्कुलर एरोटिक रिपेयर (टीईवीएआर) की प्रक्रिया पूरी की। मरीज के इलियाक धमनी यानी पैरों की नसों की चौड़ाई सामान्य से कम होने के कारण इसकी मदद से महाधमनी तक पहुंच पाना संभव नहीं था। इसीलिए पेट के निचले हिस्से में एक छोटा ऑपरेशन कर महाधमनी के कमजोर हिस्से तक पहुंचकर स्टेंट लगाने की प्रक्रिया पूरी की गई है। इस पद्धति से इलाज के बाद कुछ समय तक उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया, जिससे महिला स्वस्थ्य हो गई।

### 18 सदस्यीय टीम ने किया इलाज

*यह जटिल और जोखिम भरी प्रक्रिया 18 सदस्यों की टीम के समन्वय से पूरी की गई। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी टीम का नेतृत्व डॉ. एनके बोधे ने किया। कार्डिएक सर्जरी टीम का नेतृत्व डॉ. नितिन कश्यप और डॉ. प्रणय ने किया। एनेस्थीसिया टीम से डॉ. सुब्रत सिंहा सहित डॉ. क्रोहित यादव, डॉ. अमीन अंसारी और डॉ. संदीप तथा नर्सिंग देखभाल की जिम्मेदारी दिव्या एस. नायर और जेम्स विक्टर ने उठाई।*

### जीवन रक्षक सेवाओं में एक और अध्याय

*कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि सफल टीईवीएआर प्रक्रिया एम्स रायपुर की जीवन रक्षक सेवाओं की बढ़ती क्षमताओं में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ती है। उन्होंने इस बात पर भी गर्व व्यक्त किया कि एम्स रायपुर में रोगी की देखभाल के लिए अंतरविषयी टीम के रूप में कार्य किया जा रहा है।*

MSD_BHOOMI_04_2025-03_Layout 1 5/3/2025 10:07 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### छाछ, सकोरा एवं पक्षियों के लिए दाना वितरित किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल द्वारा मजदूर दिवस पर तेलीबांधा चौक मरीन ड्राइव के पास छाछ का वितरण किया गया तथा भीषण गर्मी के मद्देनजर उपस्थित लोगों को पक्षियों के लिए दाना और सकोरा का वितरण किया गया. इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी बजाज, सचिव मीना बजाज, बिंदु बग्गा, भावना बग्गा, संतोष सूरी, रोमा साहनी, किरण बत्रा, प्रिया नारंग, इंद्रजीत भामरा एवं सुनीता जसवाल आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे. उपस्थित जनसमुदाय ने महिला मंडल के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए पदाधिकारियों को साधुवाद दिया।

### पंकज नायक बने पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष



**रायपुर।** राज्य शासन के पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन कर शुक्रवार को कर्मचारी भवन में कार्यकारिणी का गठन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा की,वहीं जिला शाखा अध्यक्ष रायपुर पंकज नायक सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त को बनाया गया।

### भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से होगी महाआरती



**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक 3 मई को संध्या 5.30 बजे से वृंदावन हॉल सिविल लाइंस कालीमाता मंदिर के पीछे रखी गई है। बैठक में अरविंद ओझा प्रांतीय अध्यक्ष एवं नितिन कुमार झा कार्यक्रम संयोजक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। संभागीय सचिव सतीश शर्मा ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बैठक में 19 मई सोमवार की संध्या श्री दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन संध्या, विप्रजनों का सम्मान, भोजन प्रसादी की तैयारी के विषय में चर्चा की जाएगी।

### वक्फ बिल की खूबियां बताने हर विधानसभा में सम्मेलन घर-घर भी जाएगी भाजपा

**रायपुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा ने प्रदेशभर में शनिवार से अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए एक दिन पहले हुई प्रदेश स्तर की कार्यशाला में प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को जिम्मा दिया गया है। हर विधानसभा के साथ ही जिलों में सम्मेलन होंगे। इसमें मुस्लिम समाज के हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित करके उनको वक्फ बिल की खूबियों के बारे में बताया जाएगा। भाजपा के कार्यकर्ता मुस्लिम समाज के घर-घर भी जाकर बात करेंगे।

# छग कॉलेज में प्राणीशास्त्र व डागा में राजनीति पर शोध, शर्त- बढ़ानी होगी पुस्तक संख्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्राणीशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध करने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को इस साल अतिरिक्त सीट पर मौके मिलेंगे। रविवि द्वारा डागा गर्ल्स कॉलेज को राजनीति विज्ञान के शोध केंद्र के रूप में अनुमति प्रदान कर दी गई है, जबकि छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा प्राणीशास्त्र में शोध के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद यहां भी शोध कार्य प्रारंभ हो जाएगी। डागा महाविद्यालय के संदर्भ में कार्यपरिषद की पिछली बैठक में निर्णय लिया जा चुका है, जबकि छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के विषय में अगली बैठक में निर्णय लेने की बात कही गई है।

खास खबर

डागा महाविद्यालय को राजनीति विज्ञान में शोध केंद्र के रुप में फिलहाल तीन वर्ष के लिए मान्यता प्रदान की गई है। इसमें भी विवि ने अपनी शर्तें रखी हैं। विवि ने डागा महाविद्यालय प्रबंधन को पुस्तकालय में किताबों की संख्या बढ़ाने और शोधार्थियों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने कहा है। छग कॉलेज में मान्यता के संदर्भ में बिंदुवार जानकारी अगली बैठक में रखी जाएगी।

## डागा गर्ल्स कॉलेज को आगामी तीन सालों के लिए दी गई अनुमति

### रिसर्च सीड मनी के लिए 25 लाख

रविवि द्वारा शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। संबद्ध महाविद्यालयों में अधिक से अधिक शोध केंद्र स्थापित किए जाने से लेकर विवि अध्ययनशाला में भी प्राध्यापकों और छात्रों को रिसर्च कार्य में बढ़ावा देने रिसर्च सीड योजना शुरू की गई है। इसके लिए 25 लाख रुपए विवि ने स्वीकृत किए हैं।









### मापदंडों का करेंगे पालन

हमें शोध केंद्र की अनुमति मिल गई है। विश्वविद्यालय के जो भी मापदंड हैं, उसे पूरा करेंगे।

- डॉ. संगीता घई, प्राचार्य डागा कॉलेज

### पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने नहीं मनाया स्थापना दिवस

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा इस बार अपना स्थापना दिवस नहीं मनाया गया है। एक मई को रविवि अपना स्थापना दिवस मनाता है। स्थापना दिवस संबंधित आयोजन नहीं होने के पीछे तर्क देते हुए रविवि ने कहा है कि अगले माह नैक टीम का रविवि दौरा संभावित है। इसकी तैयारियों के कारण स्थापना दिवस पर होने वाले पारंपरिक कार्यक्रमों को आगामी दिवस तक स्थगित किया जा रहा है। सांकेतिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण विवि द्वारा किया गया। गौरतलब है कि 2023 में नैक ने रविवि को बी ग्रेड दिया था। इससे असंतुष्ट होने के कारण रविवि ने दो वर्ष के अंतराल में ही टीम को पुनः आमंत्रित किया है।

### मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की कार्यशाला का किया शुभारंभ

# युवाओं के कौशल विकास के लिए चार एमओयू, खुलेंगे रोजगार के नए द्वार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में नीति-राज्य कार्यशाला श्रृंखला के राज्य समर्थन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों के लिए कौशल विकास, रोजगार और आजीविका के अवसरों को विस्तार देने विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कार्यशाला बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप बेहद प्रासंगिक है। भारत एक युवा देश है और यदि युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण मिले, तो हम 'विकसित भारत' के लक्ष्य को तेजी से हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चार महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं, महिलाओं और जनजातीय वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने नीति आयोग की आकांक्षी जिलों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनजातीय क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वर्ष 2013 से कौशल विकास को तीव्रता से आगे बढ़ा रही है।

## युवाओं को रोजगार दिलाने राज्य समर्थन मिशन का संचालन

### अब तक 4.83 लाख को प्रशिक्षण

*कार्यशाला को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा सचिव एस. भारती दासन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 4.83 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 2.66 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार भी मिला है। नीति आयोग की प्रोग्राम निदेशक डॉ. सोनिया पंत ने कहा कि नीति आयोग का 'राज्य समर्थन मिशन' राज्यों को उनकी आर्थिक व सामाजिक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।*



उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के साथ समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत राज्य के युवाओं को ट्रैक्टर निर्माण की आधुनिक तकनीक सिखाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस पहल से बस्तर और सरगुजा अंचल के ग्रामीण युवाओं तथा उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

### आदिवासी युवाओं के लिए विशेष कोर्स

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आगामी योजनाओं में बस्तर और सरगुजा अंचल के आदिवासी युवाओं को विशेष कोर्स और प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही महिलाओं के लिए स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र खोलने की भी तैयारी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न बड़ी कंपनियों से एमओयू कर निवेश और रोजगार के अवसर लाने की दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्किल और इंडस्ट्री को जोड़ना जरूरी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जल्द

### कौशल विकास के लिए ये है 4 एमओयू

पहला एमओयू तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं नन्दी फाउंडेशन के बीच हुआ। दूसरा एमओयू कौशल विकास प्राधिकरण एवं महेन्द्रा एंड महेन्द्रा के बीच हुआ। तीसरा एमओयू उच्च शिक्षा विभाग और नैसकॉम के बीच हुआ, इस समझौते का उद्देश्य कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें जॉब सीकर से जॉब प्रोवाइडर के रूप में विकसित करना है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा विभाग और नन्दी फाउंडेशन हैदराबाद के बीच चौथा समझौता हुआ, इस एमओयू के तहत महाविद्यालयों के छात्रों को रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कुशल और आत्मनिर्भर युवा के रूप में तैयार किया जाएगा।

# श्रमिक दिवस पर कांग्रेस ने किया श्रमवीरों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा श्रमिक दिवस पर शहीद स्मारक भवन में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने श्रमिकों का श्रीफल, शॉल व टिफिन बॉक्स भेंट कर सम्मान किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज शर्मा ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं छाया विधायक रायपुर दक्षिण कन्हैया अग्रवाल ने किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, श्रमिक साथी देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कांग्रेस पार्टी श्रमिकों का कल्याण व सम्मान करती है। गरीब व श्रमिकों के हित में मनरेगा, शिक्षा व भोजन का अधिकार पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदान किया था।

कांग्रेस सरकार ने श्रमिकों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की थी। कांग्रेस ने श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया है। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी है। भाजपा सरकार में श्रमिक अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा, श्रमिक साथियों की मेहनत अनमोल है वह दिन-रात देश व लोगों के लिए पसीना बहाते हैं।

# अधिकारी कर्मचारी शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें : कलेक्टर विनय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार-2025 के तीसरे चरण की तैयारी की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। अनुविभाग एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत 8 व जनपद पंचायत अंतर्गत 41 शिविर आयोजित होगा। इनमें नगरीय निकाय महासमुंद में 3 शिविर एवं बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली और तुमगांव में एक-एक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत पिथौरा में 10, महासमुंद, बागबाहरा व सरायपाली में 8-8 तथा बसना में 7 समाधान शिविर का आयोजन होगा। इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा। कलेक्टर ने शिविरों की तैयारी के लिए सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को कल तक अंतिम रूप देने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी देना सुनिश्चित करें। शिविरों में विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टाल भी लगाए जाएंगे,यदि नए आवेदन प्राप्त होते है तो नए आवेदन भी लिए जाएं। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल एक लाख 82 हजार 99 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें एक लाख 76 हजार 725 आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर लंगेह ने बताया कि किसी भी शिविर में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद,विधायकगण शामिल हो सकते है और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे।कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समाधान शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भी अपनी पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश देंने कहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के दौरान कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे और ना ही अवकाश लेंगे। उन्होंने शेष आवेदनों का निराकरण रविवार शाम तक करने के निर्देश दिए।


# शालाओं का युक्तियुक्तकरण राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत

## कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र, युक्तियुक्तकरण तत्काल रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ओम नारायण शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शालाओं के युक्तियुक्तकरण को तत्काल रोकने की मांग की है। शर्मा ने उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य की शालाओं के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन तथा प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा गुणवत्ता के लिए किये जा रहे प्रयासों के विपरीत होगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 5+3+3+4 के ढाँचे के अनुसार 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के



लिए पृथक - पृथक स्टेज निर्धारित कर स्वतंत्र एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा की व्यवस्था निर्धारित की गई है। प्रथम 5 वर्ष को फाउंडेशनल स्टेज के रूप में माना गया है। जिसमें आयु 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए स्वतंत्र व मुक्त शिक्षण की व्यवस्था है। जिसके अंतर्गत 3 वर्ष प्री-स्कूल और 2 वर्ष कक्षा 1 व 2 शामिल हैं। आगे 3 वर्ष जिसे प्रारंभिक स्टेज का नाम दिया गया है, उसमें आयु 8-11 वर्ष के लिए कक्षा 3 से 5 शामिल है। आगे 3 वर्ष मिडिल स्टेज में 11 से 14 वर्ष अर्थात कक्षा 6 से 8 शामिल है। फिर 4 वर्ष जो सेकेंडरी स्टेज होगा। इसमें 14 से 18 वर्ष में कक्षा 9 से 12 शामिल है, यह ढांचा पुराने 10+2 मॉडल को बदलता है और बच्चों के समग्र विकास, लचीली शिक्षा और आयु-उपयुक्त शिक्षण पर जोर देता है। शर्मा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हवाला देते हुए कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में शालाओं का युक्तियुक्तकरण कर एकीकृत करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे स्वतंत्र एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्धता सुनिश्चित नहीं होगी। कई प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाईस्कूल में पदस्थ प्रधानपाठक व प्राचार्य पावरलेस हो जाएंगे। क्योंकि, उनकी गणना शिक्षक के रूप में होगी ऐसे में उन पदों का क्या औचित्य होगा यह स्पष्ट नहीं है। न्यायालय द्वारा भी डीएड एवं बीएड प्रशिक्षण प्राप्त लोगों की शिक्षण योग्यता निर्धारित कर दी गई है, ऐसे में पूर्व प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी तक संस्थाओं को एकीकृत करने से प्रशासनिक व शैक्षणिक समस्याएं उत्पन्न होंगी जिससे गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है। साथ ही राज्य शासन द्वारा 2008 में लागू सेटअप का उल्लंघन होगा जबकि उसी के अनुसार शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नति की गई है।

# घर के सामने शराब पीने से रोका तो बदमाशों ने किया चाकू से हमला, लाठी से की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में घर तथा दुकान के सामने शराब पीने से मना करने पर बदमाशों द्वारा मारपीट, चाकूबाजी तथा घर को जलाने की कोशिश करने की घटना हुई है। पुलिस दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर बदमाशों की पतासाजी करने की बात कह रही है।

संतोषी नगर में चिकन सेंटर संचालित करने वाले इश्तियाक खान ने मुनाफ मेमन उर्फ टाइगर, अमान अख्तर, रिहान, तालिब, फैजल तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मुनाफ तथा उसके साथियों के खिलाफ इश्तियाक ने अपने घर के सामने शराब पीने से मना करने पर चाकू से हमला कर लाठी से मारपीट करने की पुलिस में शिकायत की है। इश्तियाक के



अनुसार घर के सामने शराब पीने से मना करने पर बदमाश नाराज हो गए और चिकन सेंटर से लौटने के दौरान मुनाफ तथा उसके साथियों ने इश्तियाक को रास्ते में रोककर उस पर चाकू से हमला कर उसकी लाठी से पिटाई की। घटना चार से पांच दिन पुरानी है।

### एक अन्य मामले में बाप-बेटे की पिटाई

टिकरापारा में किराना दुकान संचालित करने वाले एक कारोबारी ने दो भाइयों के खिलाफ दुकान के सामने शराब पीने से मना करने पर मारपीट करने तथा घर के दरवाजे में पेट्रोल डालकर घर को जलाने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर धीवर ने दीपक नामदेव तथा उसके भाई दुर्गेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायात दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपनी दुकान में बैठा था। इस दौरान दीपक दुकान के पास बैठकर शराब पी रहा था।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◂ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## प्रयास विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9वीं में तेजश्वनी ठाकुर रहे द्वितीय



नर्रा। शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के छात्रा तेजश्वनी पिता स्व. ताहरसिंह ठाकुर ( राजस्व निरीक्षक) ने कक्षा 9वीं में 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वे मम्मी पापा और समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ, अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़, एजीएस, अजजा शासकीय सेवक संघ और सर्व आदिवासी समाज ने हर्ष जताया है।

## पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक हुई

**महासमुंद।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद की नियमित मासिक बैठक गायत्री मंदिर बेमचा प्रांगण में 1 मई को शाम 4 बजे हुई। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना भगत राम साहू, राधेश्याम दुबे, रमेश गुप्ता एवं भूषण लाल भोसले ने की। पश्चात पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य पीआर बारले की आकस्मिक निधन एवं पहलगाम में आतंकियों के हमले से दिवंगत लोगों को उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पेंशनर ऐसोसिएशन के नए सदस्य प्रहलाद यादव का गुलाल से तिलक लगाकर श्रीफल के साथ चमन लाल साहू तथा वरिष्ठ सदस्य मुरलीधर पटेल द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बीते 13 अप्रैल 25 को संपन्न हुए चुनाव में निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवांगन को आगामी बैठक में महासमुंद आमंत्रित के लिए विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में भगत राम साहू, देवनरायण साहू, विरेन एवं चमनलाल साहू द्वारा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बैठक को संबोधित किया गया। बैठक में चोवाराम साहू, चोवासिंग ठाकुर, नारायण साहू, अर्जुन साहू, रतन लाल साहू, शिवनंदन भोसले, भूषण भोसले, राधेश्याम चन्द्राकर, गनेशी बाई, कुमारी यादव, प्यारी यादव आदि पेंशनरगण मौजूद रहे। समापन मुरली पटेल द्वारा किया गया।

**बैठक : डीएफओ धम्मशील गणवीर पहुंचे बारनवापारा अभ्यारण्य**

# विस्थापन और बुनियादी सहूलियतों को लेकर विस्तार से की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बारनवापारा

बार नवापारा वन अभ्यारण्य के

- गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए लोगों की समस्याएं सुनी



एक दिवसीय दौरा में बलौदाबाजार के वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर शनिवार को पहुंचे थे। उन्होंने कॉम्पोजिट बिल्डिंग के मीटिंग हॉल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ मीटिंग की, जिसमें विभागीय गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए लोगों की समस्याएं सुनी।

डीएफओ धम्मशील गणवीर ने सभी मामलों पर ध्यान देते हुए मौजूद अफसरों को ज़रूरी हिदायतें दीं। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस के लिए पेट्रोल और ड्राइवर की व्यवस्था विभाग जल्द सुनिश्चित करेगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

मीटिंग में अभ्यारण्य अधीक्षक आनंद कुदारिय, परिक्षेत्र अधिकारी सुनील खोब्रागड़े, जीवन लाल साहू, गीतेश बंजारे और कई वनकर्मी शामिल रहे। इसके अलावा पुरषोत्तम प्रधान, अमरध्वज यादव, संतोष ठाकुर, लक्ष्मी नारायण ठाकुर, ढाकेश्वर चौहान, भुवन यादव, रामजी नेताम, बंशीलाल साहू, मन्नू चौहान, सुखीराम चौहान सहित प्रमुख ग्रामवासी मौजूद रहे।

### विस्थापन पर लोगों की नाराज़गी, कहा: सिर्फ वादे हुए, अमल कुछ नहीं

ग्राम बार, अकलतरा, दोंद, मुड़पार, गबौद जैसे गाँवों से आए लोगों ने विस्थापन की सालों पुरानी मांग दोहराई। अकलतरा से रामजी नेताम और दोंद से मन्नू चौहान ने बताया कि कई बार आवेदन के बावजूद कोई कोई पहल नही हुई। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सहूलियतों से अब भी हम वंचित हैं। विस्थापन के नाम पर सिर्फ आस दी गई, हक़ीकत में कुछ नहीं हुआ।

### चार सूत्रीय मांग पत्र पर भी हुई बात

ग्राम मुड़पार के संतोष ठाकुर ने बताया कि 22 अप्रैल को बलौदाबाजार कलेक्टर को एक चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने उसकी मुख्य बातों को मीटिंग में रखा और अधिकारियों से पूर्ण करने की मांग की। जनपद सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण ठाकुर ने स्वास्थ्य केंद्र बार के लिए एम्बुलेंस ड्राइवर और ईंधन सप्लाई की मांग की। साथ ही उन्होंने लालबांधा तालाब से बार खार तक सिंचाई नाली और डोंगपहरी तालाब को ग्राम दोंद से जोड़ने की योजना को जरूरी बताया, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

# कूटरचना कर एचएम पद पर पदोन्नति, पांच शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

शिक्षा विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर अनियमितता सामने आई है। पिथौरा विकासखण्ड में प्रधान पाठक पद पर कुछ शिक्षकों ने वरिष्ठता सूची में कथित रूप से कूटरचना कर पदोन्नति प्राप्त कर ली। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच के बाद पांच शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार दो वर्ष पूर्व प्रधान पाठक पद के लिए जारी सूची में कुछ ऐसे शिक्षक भी शामिल हो गए, जिनके पास अपेक्षित अनुभव नहीं था। आरोप है कि इन शिक्षकों ने अपने दस्तावेजों में हेरफेर कर स्वयं को वरिष्ठ दर्शाया और इसी आधार पर पदोन्नति प्राप्त कर ली। इससे कई योग्य और वरिष्ठ शिक्षक वंचित रह गए। शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच करवाई। जांच के आधार पर पिथौरा विकासखण्ड के पांच शिक्षकों दिनेश प्रधान प्राथमिक शाला खैरखूँटा, गौरी नायक प्राथमिक शाला पंडरीपानी, जयलाल भोई प्राथमिक शाला विश्वासपुर, नारायण सिदार प्राथमिक शाला कुदरीदादर, अभिमन्यु सिन्हा प्राथमिक शाला नवाडीह को कारण बताओ नोटिस




जारी किया गया है। इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना ने पुष्टि करते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आए निर्देशानुसार संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी कर सात दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है।

# फौती प्रक्रिया पूरी होते ही लोकनाथ को पुश्तैनी भूमि का अधिकार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल शासन की पहुंच को आमजन तक सुनिश्चित करना है, बल्कि वर्षों से लंबित जनसमस्याओं का समाधान भी सुलभ रूप से प्रदान करना है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम केवरापाली के निवासी लोकनाथ को फोती प्रक्रिया पूरी होते ही उनकी पुश्तैनी भूमि का अधिकार प्राप्त हुआ सुशासन तिहार के प्रथम चरण में लोकनाथ पिता स्वर्गीय कृष्णप्रसाद ने ग्राम केवरापाली स्थित 176 हेक्टेयर भूमि के स्वामित्व हेतु आवेदन किया था। यह भूमि पूर्व में उनके पिता कृष्णचंद्र के नाम दर्ज थी। उनके निधन के उपरांत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की भूमि अधिकार योजना के तहत, विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए जमीन को



लोकनाथ के नाम स्थानांतरित किया गया।इस पूरी प्रक्रिया में बसना तहसीलदार ममता ठाकुर की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर फोती की प्रक्रिया पूरी करवाई। जिसमें भूमि की वास्तविक स्थिति, कब्जा और सीमाएं जांची जाती हैं और उसके बाद जमीन का सीमांकन कराया गया। फोती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ही लोकनाथ को संबंधित खसरा और बी-वन दस्तावेज विधिवत सौंपे गए। अपनी पुश्तैनी भूमि का अधिकार प्राप्त होने पर लोकनाथ भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि यह वह क्षण था, जिसका उन्हें वर्षों से इंतज़ार था। लंबे समय तक चली प्रतीक्षा और निरंतर प्रयासों के बाद जब उन्हें अपने हक का प्रमाण पत्र मिला, तो उनकी आँखें भर आईं। उन्होंने सरकार की इस पहल के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम न केवल उनके लिए, बल्कि उनके जैसे कई लोगों के लिए आशा की एक नई किरण है।

# वक्फ कानून किसी के खिलाफ नहीं, इससे वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आएगी पारदर्शिता: योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वक्फ कानून को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि वक्फ कानून किसी के खिलाफ नहीं है। यह वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। देशभर में इसके खिलाफ अफवाह फैलाया जा रहा है, लेकिन यह किसी के अधिकारों को कम या खत्म नहीं करता है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक सिन्हा ने कहा है कि यह कानून मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, पारदर्शिता और तकनीक आधारित प्रबंधन है। विपक्ष का काम भ्रम फैलाने का है, इसलिए वे इस कानून का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले भी जब यह संशोधन बिल दोनों सदनों में पेश किया गया तो कुछ विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। फिर भी यह बिल दोनों सदनों में पारित हो गया। इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब यह कानून बन गया है। वहीं जैसे ही यह कानून लागू हुआ देश के कुछ हिस्सों में इसका विरोध भी शुरु हो गया। क्योंकि, देश में कुछ ऐसे तत्व हैं जो नहीं चाहते कि देश में एकता और भाईचारा बने रहे। वे हमेशा देश में अशांति फैलाने का कार्य करते हैं।

### जेपीसी ने सौंपी रिपोर्ट, फिर हुआ सदनों में पेश

अगस्त 2024 में संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बिल पेश किया। विपक्ष के विरोध और हंगामे की वजह से इस पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) बनाने का फैसला हुआ। कमेटी ने 34 बैठक कीं और कई राज्यों का दौरा किया। कई इस्लामिक विद्वानों और कानून के जानकारों से चर्चा की। जनवरी 2025 में कमेटी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंपी। 500 पेज की रिपोर्ट में 14 बदलाव किए गए थे। फिर अप्रैल में यह दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन गया।

### अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत

यह कानून वर्षों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत किया है और न्याय व समानता के युग की शुरुआत की है। इस विधेयक के माध्यम से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियां अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होने वाली हैं। यह बिल करोड़ों लोगों को न्याय देने वाला है। इससे निश्चित ही मुस्लिम समुदाय के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा।

### अच्छे बदलाव से विपक्ष को है परहेज

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने वक्फ कानून का विरोध कर रहे विपक्ष के पार्टियों के लिए कहा कि देश में अच्छा बदलाव से विपक्ष को हमेशा परहेज रहता है। वक्फ कानून बनते ही इसके खिलाफ कोर्ट तक पहुंच गए हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में अशांति का वातावरण बनाया गया। ताकि वक्फ कानून को वापस लिया जाए, लेकिन केंद्र की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार गलत के आगे कभी घुटने नहीं टेकेगी। अपने सही फैसलों पर हमेशा अडिग रहेगी।

# वैज्ञानिक तरीके से खेती कर आय दुगुनी कर सकते हैं किसान : चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उन्नत कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए 2 मई 2025 को ग्राम पोखरा स्थित कृषि एवं बीज विकास निगम के फॉर्म हाउस में किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को उन्नत तकनीकों, बीज, आधुनिक कृषि उपकरणों, शासन की योजनाओं एवं कृषि प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान ग्राम पोखरा सहित आसपास के ग्रामों के लगभग 100 किसानों ने कार्यशाला में उपस्थित होकर उन्नत खेती व शासन के योजनाओं से अवगत हुए। किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती कर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीज का चयन, बीज उपचार, समय पर सिंचाई के साथ-साथ मिट्टी जांच कर उसमें आवश्यक पोषक तत्वों की कमी को दूर किया जाना जरूरी है। किसानों को उन्नत



कृषि के लिए जो भी आवश्यक संसाधनों की जरूरत होगी, उसके लिए शासन की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पर कृषि उपकरण, उपचारित बीज सहित कृषि से संबंधित सामग्री उन्हें विभाग की ओर से प्रदान किया जाएगा। चंद्राकर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों से मांग व समस्या से संबंधित जो भी आवेदन विभाग को मिलते हैं, उसका समाधान तत्काल करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यशाला का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से किया गया, जो लगभग 3.30 बजे तक चला। पश्चात समस्त किसानों को भोजन कराकर कार्यशाला का समापन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग, निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक के नेतृत्व में नगर विकास की पहल तेज, उपमुख्यमंत्री से हुई सार्थक चर्चा



**पिथौरा।** नगर के चहुंमुखी विकास के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद एवं प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से उनके निवास में महत्वपूर्ण मुलाकात की।यह भेंट केवल औपचारिक नहीं रही, बल्कि इसमें नगर की जमीनी जरूरतों को लेकर गंभीर विमर्श हुआ। विधायक डॉ. अग्रवाल ने पिथौरा नगर की समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बस स्टैंड, खेल मैदान, सड़क-नाली के उन्नयन और नगर सौंदर्यीकरण जैसी आवश्यकताओं को रखा। उपमुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष देव सिंह निषाद ने कहा कि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन में हम लगातार नगर के विकास के लिए प्रयासरत हैं। उपमुख्यमंत्री से मुलाकात में हमें विकास की कई योजनाओं के लिए शीघ्र हरी झंडी मिलने की संभावना है। इस प्रतिनिधिमंडल में नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, पार्षद मन्नू लाल ठाकुर एवं पार्षद प्रतिनिधि रामचंद्र मुन्ना भी उपस्थित रहे। पंचायत चुनावों के बाद यह नगर अध्यक्ष की पहली महत्वपूर्ण सरकारी बैठक रही, जिसे सौजन्य भेंट बताया गया। परंतु, इसके मूल में पिथौरा के विकास की गूंज स्पष्ट रूप से सुनाई दी।

# नपाध्यक्ष ने सीसी रोड का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय मौहारीभाठा वार्ड 28 स्थित बंधवा तालाब के पास सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद व वार्डवासियों की उपस्थिति में किया।

सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कर नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि सीसी रोड बनने से वार्डवासियों को आवागमन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सभी वार्डों में सुगम यातायात के लिए लगातार सीसी रोड निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। नगर वासियों की सुविधाओं के अनुसार आगामी समय में भी कार्य कराए जाएंगे। भूमिपूजन अवसर पर पार्षद विजय साव, सभापति गुलशन साहू, सभापति जय देवांगन, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, वार्डवासी नमिता ध्रुव,



माया चंद्राकर, पार्वती ध्रुव, भामा आदि उपस्थित थे।



### मांगी अमन चैन की दुआ

नगर में गंगा जमुनी तहजीब व हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक माने जाने वाले हजरत सैय्यद शाह बाबा के उर्स मौके पर शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बाबा के दरबार पहुंचकर देश, प्रदेश तथा नगर में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की, आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दुआएं मांगी।

**5 और 6 को आयोजित होने समाधान शिविरों की दी गई जानकारी**

# जिले में समाधान शिविर आज से, नोडल अधिकारी भी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा। जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत 8 व जनपद पंचायत अंतर्गत 41 शिविर आयोजित किया जाएगा। सभी शिविरों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पहला समाधान शिविर 5 मई को 3 जनपद पंचायत क्षेत्र व एक नगरीय निकाय में आयोजित होगा। 5 मई को समाधान शिविर विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम गोपालपुर हाईस्कूल भवन, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमाखान, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी एवं नगरीय निकाय तुमगांव अंतर्गत भाटापारा डोम शेड वार्ड क्रमांक 14 में आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत गोपालपुर शिविर में अठारगुड़ी, भीथीडीह, चारभांठा, गोपालपुर, खैरखुंटा, किशनपुर, लहरौद, लाखगढ़, पिलवापाली, राजसेवैयाखुर्द, सरकड़ा, टेका, लक्ष्मीपुर, डोंगरीपाली एवं अमलीडीह के ग्रामीणजनों के समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत कोमाखान शिविर में बागबाहराकला, बकमा, बसूलाडबरी, भालूचूंवा, बिहाझर,




घुंचापालीकला, घोयनाबाहराकला, कसीबाहरा, खोपली, कोमाखान, कुलिया, सिवनीकला, सुवरमार, टोंगोपानिकला एवं सोनपुटी के ग्रामीणजन अपने मांग व समस्याओं से संबंधित समाधान पा सकेंगे। इसी तरह ग्राम पंचायत बिरकोनी शिविर में अछरीडीह, बड़गांव, बम्हनी, बरोंडाबाजार, बेलसोंडा, बिरकोनी, चिंगरौद, घोड़ारी, लाफिनखुर्द, मुढ़ेना, नादगांव एवं बरबसपुर तथा नगर पंचायत तुमगांव वार्ड क्रमांक 14 शिविर में डॉ. अंबेडकर वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, सुभाष चंद्र बोस वार्ड, पंडित दीनदयाल नगर वार्ड व राजीव गांधी वार्ड के नागरिकों का मांग एवं शिकायतों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### दूसरे दिन 6 मई को भी समाधान शिविर

6 मई को विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेकेरा एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंदुवा में शिविर आयोजित होगा। जिसमें गनेकेरा शिविर में ग्राम पंचायत भैंसाखुरी, बाराडोली, बरगांव, बिटांगीपाली, चंदखुरी, दुरूगपाली, गनेकेरा, खेमड़ा, कोलिहादेवरी, नौगड़ी, पथीयापाली, रसोड़ा, भठोरी, खटखटी व छिर्राचुंवा तथा ग्राम पंचायत केंदुवा शिविर में ग्राम पंचायत आंवलाचक्का, बहरापाली, बिजातीपाली, बिरकोल, बोड़ेसरा, दर्राभांटा, डूडूमचुंवा, जलपुर, जम्हारी, केंदुवा, कोसमपाली, मोहनमुड़ा, नवागढ़, रिसेकेला के ग्रामीणजन अपने समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।

